प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 12.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. **केंद्र सरकार ने दोहराया – घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है; एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए देशभर में कार्रवाई जारी।**
2. **स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी ने कहा – मातृ मृत्यु दर को शून्य करने का है संकल्प, महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान, राज्य सरकार की प्राथमिकता।**
3. **साहिबगंज जिले के बरहरवा धाम से मेला देखकर लौट रहे 13 आदिवासियों की सड़क दुर्घटना में मौत, 31 से अधिक लोग घायल, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल ने जताया शोक।**
4. **मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य भर में अगले चार दिनों के अंदर छह डिग्री तक तापमान में वृद्धि होने की जताई आशंका, गर्म हवा चलने की चेतावनी।**
5. **एशियन लॉन बॉल चैम्पियनशिप में झारखण्ड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश को दिलाया दोहरा स्वर्ण, कराटे में भी राज्य के खिलाड़ियों ने जीते 15 स्वर्ण पदक।**

****

केंद्र सरकार ने दोहराया है कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। कल 51 लाख 50 हजार से ज्यादा सिलेंडर वितरित किए गए। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में कार्रवाई के तहत कल तीन हजार चार सौ से ज्यादा छापे मारे गए। एक रिपोर्ट –

****

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी ने कहा है कि राज्य सरकार ने मातृ मृत्यु दर को शून्य करने का संकल्प लिया है और यह सर्वोच्च प्राथमिकता सूची में शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। मंत्री रांची में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

****

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि कैबिनेट की होनी वाली अगली बैठक में मैथिली, भोजपुरी और मगही भाषा से जुड़े मुद्दों को उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा, टेट में इन भाषाओं को शामिल नहीं किये जाने से हो रही परेशानियों से सरकार को अवगत कराया जाए। श्री किशोर कल रांची में विद्यापति स्मृति पर्व समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

****

नेतरहाट आवासीय विद्यालय में अब छात्राएं भी पढ़ सकेंगी। इनके लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित की गई हैं। राज्य सरकार ने इस सम्बन्ध में गज़ट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके लिए झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, जैक नामांकन परीक्षा का आयोजन करेगा।

****

राज्य में जल्द ही आर्थिक विकास बोर्ड का गठन किया जाएगा। इस बोर्ड के गठन से राज्य में आर्थिक विकास को तेजी मिलेगी और निवेश तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस बोर्ड के अध्यक्ष होंगे, जबकि वरिष्ठ अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों को सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा।

****

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि झारखंड समेत देश भर में राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क केंद्रों पर सभी उपयोगकर्ता शुल्क का भुगतान 10 अप्रैल से केवल फास्टैग या **यूपीआई** के माध्यम से किया जा रहा है। हालांकि, चुनावी प्रक्रिया के कारण लागू आचार संहिता को देखते हुए तमिलनाडु, केरलम, असम और पश्चिम बंगाल के साथ–साथ केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में यह बदलाव लागू नहीं किया गया है।

****

संसद के आगामी विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के क्रियान्वयन की संभावनाओं को लेकर जमशेदपुर की महिलाओं और शिक्षाविदों में भारी उत्साह है। पेश है एक रिपोर्ट –

****

साहिबगंज जिले के बरहरवा धाम से मेला देखकर लौट रहे 13 आदिवासियों की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी, जबकि 31 से अधिक लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना कल शाम कटिहार जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर हुई, जहां एक बस ने पिकअप वैन को टक्कर मार दी। इस हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यपाल संतोष गंगवार ने शोक जताया है।

****

बोकारो जिले से पुलिस ने आठ महीने से लापता एक युवती के हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में लापरवाही बरतने के आरोप में 28 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

****

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य भर में अगले चार दिनों के अंदर छह डिग्री तक तापमान में वृद्धि होने की आशंका जताई है। इस दौरान गर्म हवा चलने से लोगों की परेशानी बढ़ेगी। विभाग ने अपने एक पूर्वानुमान में कहा है कि आसमान मुख्यतः साफ़ और मौसम शुष्क रहेगा और अब इस महीने बारिश होने की संभावना बहुत कम है।

****

नयी दिल्ली में आयोजित 17वीं एशियन लॉन बॉल चैम्पियनशिप के अंतिम दिन झारखण्ड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश को दोहरा स्वर्ण पदक दिलाया।

इधर, जमशेदपुर के तुलसी भवन में आयोजित ऑल इंडिया शोतोकान शीगोकाई ओपन कराटे चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने 15 स्वर्ण पदक जीत लिये।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकतर अख़बारों ने आज बोकारो और हजारीबाग में हुए ट्रेजरी घोटाले की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है – राज्य गठन के समय से ट्रेजरी की जांच का प्रस्ताव, वरीय आईएएस अधिकारी की अध्यक्षता में बनेगी कमिटी।

दैनिक भास्कर की खबर है – अपनों को सूचना आयुक्त बनाने में पक्ष–विपक्ष घिरे।

हिन्दुस्तान की हेडलाइन है – शीर्ष माओवादी प्रशांत बोस की मौत से पहले चिट्ठी – सशत्र विद्रोह अब असंभव।

दैनिक जागरण लिखता है – बैंक में रखी रकम में साइबर सेंध तो बैंक करेगा भुगतान।

****